हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 16 दिसंबर 2025

12 वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य


12 ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध ...


### कर्मयोगी चौधरी मित्रसेन आर्य की 95वीं जयंती पर हरिभूमि नारनौल कार्यालय में पुष्पांजलि आर्पित कर किया नमन

# चौधरी मित्रसेन आर्य स्वयं में थे एक संस्था परोपकार उनके जीवन का रहा अभिन्न अंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

परममित्र मानव निर्माण संस्थान के संस्थापक एवं वैदिक पथ के पथिक स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य की 95वीं जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बस स्टैंड के पास सत्या प्लाजा बिल्डिंग स्थित दैनिक हरिभूमि कार्यालय में सोमवार को इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री एवं वर्तमान में नारनौल विधायक ओमप्रकाश यादव, पूर्व सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भारती सैनी, समाजसेवी तेजप्रकाश यादव एडवोकेट व माता सती वैलफेयर समिति के अध्यक्ष सिकंदर गहली विशेष रूप से मौजूद रहे। इविधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि दुनिया में कुछ ही विरले लोग ऐसे होते है जो अपने सत्कर्मों के पद चिन्ह छोड़ जाते है, जो दूसरों के लिए हमेशा अनुकरणीय होते है। चौधरी मित्रसेन ऐसे ही व्यक्तित्व थे, जिन्होंने जीवनभर ऐसे कार्य किए जो मिसाल बने रहेंगे। उनका मत था कि हम सब एक दूसरे को मित्र की दृष्टि से देखे। ऐसे विचार से मानव कल्याण की राह आसानी होती है।


नारनौल। स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित करते विधायक, चेयरपर्सन व अन्य। फोटो: हरिभूमि


नारनौल। स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित करते पूर्व सिंचाई मंत्री, पूर्व चेयरपर्सन व अन्य। फोटो: हरिभूमि

#### श्रद्धांजलि कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

मौके पर सैनी सभा के प्रधान बिशन सैनी, वरिष्ठ नागरिक संगठन के अध्यक्ष दुलीचंद शर्मा, नर नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष रामसिंह मधुर, पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष भीमसेन शर्मा, युवा साथी ग्रुप हरियाणा से टींकू प्रधान, नेकी की दीवारी नीडी हेल्प ग्रुप के संचालक मनीष गोगिया, गजेंद्र यादव, सुरेश यादव, कुसुम निर्मल के अलावा हरिभूमि नारनौल कार्यालय से मार्केटिंग इंचार्ज सतपाल शर्मा, पत्रकार राजकुमार व नितेश कुमार भी मौजूद थे।

#### सकारात्मक सोच के साथ ऊंचाईयां छुई

पूर्व सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव ने स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि कर्मयोगी स्व. मित्रसेन आर्य की जीवन यात्रा व्यक्ति को साधना, त्याग, तप व समर्पण के सहारे सुख तथा समृद्धि एक साथ पाने का राह बताती है। उन्होंने सकारात्मक सोच के साथ ऊंचाईयां छुई। परोपकार उनके जीवन का अभिन्न अंग रहा। भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने कहा कि जब गुजरात में भूकंप आया और कई गांव तहस-नहस हो गए तो उन्होंने साहिबसिंह वर्मा के साथ राष्ट्र स्वाभिमान व ग्रामीण स्वाभिमान के आह्वान पर रिकॉर्ड 100 दिनों में इंद्रप्रस्थ नामक नया नगर बसाया। इसमें 800 परिवारों को बसाया गया। इसका उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। नप चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने कहा कि उनकी महान सोच को अधिमान कर उन द्वारा शुरू किए गए समाजसेवा, शिक्षा क्षेत्र, प्राचीन गुरूकुल पद्धति व अन्य कार्यों को उनका परिवार ना केवल जारी रखें हुए है बल्कि इन्हें आधुनिक समाज के अनुसार बनाने में कोई कोर कसर नहीं रखी जा रही।

#### गुरुकुल व शिक्षण संस्थान खोलकर निर्धन परिवारों के बच्चों को शिक्षा उपलब्ध करवाई

भाजपा महिला जिला अध्यक्ष भारती सैनी ने कहा कि चौधरी मित्रसेन का जन्म 15 दिसंबर 1931 को हिसार जिले के खांडाखेड़ी गांव में स्वतंत्रता सेनानी एवं आर्य समाजी परिवार में हुआ। साल-1948 में कारीगर के रूप में लेथ मशीन से काम की शुरूआत की। रोहतक में अपना व्यवसाय करने के साथ उड़ीसा में वर्कशॉप की। फिर ट्रांसपोर्ट, माइनिंग क्षेत्र में सफल कारोबारी साबित हुए। वे हिन्दी सत्याग्रह आंदोलन के दौरान नौ अगस्त से 19 दिसंबर 1957 तक हिसार जेल में बंद रहे। उन्होंने गुरुकुल व शिक्षण संस्थान खोलकर निर्धन परिवारों के बच्चों को शिक्षा उपलब्ध करवाई। समाजसेवी तेजप्रकाश एडवोकेट ने कहा कि कठिन जीवन की डगर पर चलते हुए उन्होंने यह अनुभव किया कि मानव जीवन के दुख के चार कारण अज्ञान, अहंकार, आलस्य और अभाव है। जब तक मानव समाज के इन शत्रुओं को परास्त नहीं किया जाता तब तक मानव जीवन से दुखों का अंत नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि चौधरी मित्रसेन आर्य स्वयं में एक संस्था थे। माता सती वैलफेयर समिति के प्रधान सिकंदर गहली ने कहा कि उन्होंने हमेशा समाज के हर क्षेत्र में अपना भरपूर योगदान दिया। जिसको कभी भी नहीं भुलाया जा सकता। ऐसे महान आत्मा को हम सब नमन करते है। इस दौरान दैनिक हरिभूमि के जिला प्रभारी सतीश सैनी ने भी स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य को श्रद्धांजलि अर्पित कर अपने विचार सांझा किए।

### खबर संक्षेप

#### बकाया हाउस टैक्स वसूली के नोटिस जारी

नारनौल। नगर परिषद कार्यालय द्वारा सोमवार को कई भवनों के बकाया हाउस टैक्स राशि की वसूली के नोटिस जारी किए गए हैं। इन नोटिसों में लगभग 10 लाख रुपये से भी ज्यादा बकाया टैक्स वसूली का मामले सामने आए हैं। यह जानकारी देते हुए नप के कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार भुक्कल ने बताया कि जिन लोगों की तरफ नगर परिषद का हाउस टैक्स बकाया चल रहा है, उन्हें नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह में टैक्स जमा करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

#### रिटायर्ड कर्मचारी संघ का प्रदर्शन कल

नारनौल। रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कार्यकारिणी के प्रधान वजीर सिंह व महासचिव रतन जिंदल के आव्हान पर 17 दिसंबर को सभी जिलों में 10 से एक बजे तक उपायुक्त कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करके अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन राज्यपाल के नाम दिए जाएंगे। संघ के जिला प्रधान घनश्याम दास शर्मा व जिला सचिव रोशनलाल निंबल ने बताया कि जिले में धरना प्रदर्शन लघु सचिवालय में किया जाएगा।

#### शिव कॉलोनी में सुंदरकांड पाठ आज

नारनौल। श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार रात को पंचायत भवन के सामने शिव कॉलोनी में मुकेश अग्रवाल के निवास स्थान पर सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। जिसमें मुख्य यजमान मुकेश अग्रवाल व नितिन अग्रवाल होंगे।

### नगर पालिका सख्त: 25 साल में पहली बार होगी कार्रवाई

# शॉपिंग कॉम्पलैक्स के बरामदे, चबूतरे हटाने के लिए 4 दिन का अल्टीमेटम





महेंद्रगढ़। दुकान के आगे लगा फ्लैक्स हटाते कर्मचारी व दुकानदार को चेतावनी देते कर्मी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

नगर पालिका टीम द्वारा सोमवार को शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। टीम ने विभिन्न बाजारों में दौरा कर दुकानों के बाहर रखा सामान जब्त किया। हालांकि शहर के दुकानदारों ने प्रशासनिक चेतावनी के बाद बाजार के अधिकांश दुकानदारों ने स्वेच्छा से अपने शेड, अवैध निर्माण और सड़क किनारे रखे सामान को हटा लिया था। इससे न केवल मुख्य सड़क चौड़ी हुई है, बल्कि यातायात भी सुचारू होने लगा है। सुबह से बाजार में गतिविधि तेज हो गई और दोपहर तक सड़क किनारे का अधिकांश हिस्सा पूरी तरह खाली हो गया। इससे यातायात सामान्य हो गया और लोगों को आवागमन में काफी राहत मिली। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अतिक्रमण हटने से जाम की समस्या में बड़ी कमी आएगी, खासकर त्योहारों के समय। शहर के दुकानदारों का कहना है कि प्रशासन ने समय रहते चेतावनी दी, इसलिए हमने खुद ही शेड हटा लिया। यह कदम सबके हित में है। शहर का सबसे बड़ा शॉपिंग कॉम्पलैक्स के दुकानदारों ने भी बरामदे खाली कर लिए हैं। शॉपिंग कॉम्पलैक्स के दुकानदार 25 वर्षों से कब्जा जमाए बैठे थे। सोमवार को दुकानदार अपनी हद में बैठकर व्यापार करते नजर आए।

#### अतिक्रमण हटाना उद्देश्य

नपा सचिव गौरव सांगवान ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए यह अभियान जारी रहेगा। दुकानदारों से सड़कों पर सामान रखकर यातायात बाधित न करने की अपील की। सचिव ने बताया कि कुछ दुकानदारों ने अपने पक्के व चबूतरे हटा लिए हैं, जो सराहनीय है। कुछ दुकानदारों ने नहीं हटाए हैं, उनको प्रशासन चार दिन का समय और देता है। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना सहित सामान जब्त कार्रवाई की जाएगी।

#### दुकानदारों की जिम्मेदारी

सफाई दरोगा अनिल, राजेंद्र व सुमित उर्फ रिंकू ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार बाजार में दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा जा रहा है। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका से शुरू होकर अंबेडकर चौक, सीएसडी कैंटीन, यादव धर्मशाला, बस स्टैंड, राव तुलाराम चौक, आईटीआई रोड से आगे अतिक्रमण को हटवाया गया है। कुछ दुकानदारों ने अपना सामान खुद हटा लिया। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी की भविष्य में पालिका द्वारा चलाए जाने वाले अभियान के दौरान यदि किसी भी व्यक्ति का सामान रोड पर मिलता है तो उसे पालिका उठवा लेगी जिसकी जिम्मेवारी स्वयं की होगी।

#### अभियान का उद्देश्य सड़कों को खाली कराना

नपा के अभियान का उद्देश्य सड़कों को खाली कराना और यातायात जाम से निजात दिलाना है। टीम ने मुख्य बाजारों के दुकानदारों को दुकानों के बाहर सामान न रखने की सख्त हिदायत दी। कई दुकानों के बाहर पड़ा सामान जब्त किया। अभियान नपा कार्यालय से शुरू होकर शंकर मार्केट, बालाजी चौक, विश्वकर्मा चौक, सीएसडी कैंटीन, बस स्टैंड, राव तुलाराम चौक होते आईटीआई रोड आंबेडकर चौक से नगर पालिका कार्यालय में जाकर समाप्त हुआ। इसके साथ ही आगे से रोड पर अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। पालिका कर्मचारियों ने शहर के मेन बाजारों में रोड पर अतिक्रमण करने वाले लोगों के सामान को उठाकर पालिका वाहनों में डाल लिया। पालिका अधिकारियों के अनुसार शहर के मेन बाजारों में जाम की स्थिति से निपटने व शहर के सौंदर्यीकरण के लिए शहर को अतिक्रमण मुक्त आवश्यक है। इस कार्य में आमजन का सहयोग भी जरूरी है।

**जाम का मुख्य कारण** : शहर में जाम का एक मुख्य कारण यह भी है कि सामान खरीदने वाले लोग अक्सर अपने वाहन सड़क पर खड़े करके खरीददारी में व्यस्त हो जाते हैं। इसके अलावा सिनेमा रोड, सीएसडी कैंटीन रेलवे रोड, आईटीआई के पास बैंक होने के चलते उपभोक्ता अपने वाहन व दुपहिया वाहन को सड़क पर खड़ा कर देते हैं, जिसके चलते जाम लग जाता है। अगर पुलिस प्रशासन द्वारा वाहनों का चालान किया जाए तो काफी हद तक जाम से मुक्ति मिल सकती है।

## नांगल चौधरी: गहराया पेयजल संकट, महिलाओं ने जताया रोष


नांगल चौधरी। विभाग के दफ्तर में प्रदर्शन करती हुई वार्ड-4 की महिलाएं।

विभाग और जिला उपायुक्त से पेयजल उपलब्ध कराने की गुहार लगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

नपा के वार्ड-चार में शामिल ढाणी स्वामी में बीते चार-पांच महीनों से पेयजल संकट बना हुआ है। समस्या से परेशान लोगों ने विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर समाधान की गुहार लगाई थी।

लेकिन एक महीना बीतने के बावजूद पेयजल सप्लाई बहाल नहीं हुई जिससे आक्रोशित लोगों ने जलापूर्ति विभाग के कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। सुनीता, गोरधन, सुशीला, सुमन, अनिता, बीना देवी, सुषमा, राजबाला, पुरषोतम ने बताया कि गौशाला रोड़ पर करीब 40 से कई परिवार बसे हुए हैं। नपा चुनावों से पहले गोशाला की पाइप लाइन से लाइन दबाकर ढाणी में पेयजल प्रबंध किया गया था। लेकिन चुनाव संपन्न होते ही लाइन में पेयजल सप्लाई बंद कर दी। इसके बाद विभाग ने दमकल विभाग की पाइप से लाइन जोड़कर पानी मुहैया कराया था। किंतु दमकल विभाग के अधिकारियों ने पानी की किल्लत होने का तर्क देकर कनेक्शन काट दिया। आपात स्थिति में फायर बिग्रेड को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता, ऐसे में आगजनी से पीड़ितों को तत्काल राहत नहीं मिल पाएगी।

इसके बाद परेशान लोग पांच महीने से विभागीय अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने विभाग और उपायुक्त से पेयजल उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है। इस संदर्भ में पब्लिक हेल्थ विभाग के एसडीओ महेश कुमार ने बताया कि अनअप्रूवड कॉलोनी में पाइप लाइन दबाना संभव नहीं। मार्गदर्शन के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा।

#### भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन की बैठक

नारनौल। भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन की बैठक गांव गोद के बस स्टैंड पर हुई। जिसमें बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने, एसआईआर द्वारा वोटर लिस्ट में वोटों की कटौती व जोड़ने के खिलाफ, कारीगर मजदूरों की कल्याणकारी योजनाओं में सरकारी उदासीनता के खिलाफ लोगों ने अपने विचार रखे। बैठक की अध्यक्षता गोद निवासी महावीर ने की। वक्ताओं ने कहा कि सरकार स्मार्ट मीटर लगाकर सिर्फ बिजली कंपनियों के ही फायदे के बारे में सोचती हैं, स्मार्ट मीटर से आम आदमी की जेब पर भारी बोझ बढ़ जाएगा। प्रधान सीताराम ने कहा कि भवन निर्माण कारीगर मजदूरों को हितलाभ देने में सरकार उदासीन रवैया दिख रही है। मौके पर संगठन के प्रधान सीताराम, सचिव महावीर, संदीप, ओमप्रकाश, महिपाल, जयपाल, रोहित, दीपक कुमार, धर्मपाल, रविंद्र, लालचंद, मनोज, हेमराज, मानसिंह आदि उपाथिस्त थे।



## जन्म दिन पर गोमाता की सवामणी करना पवित्र-आनंददायक अनुभव होता: गहली


नारनौल। गो माता को चुरी व गुड खिलाते समिति अध्यक्ष सिकंदर गहली व अन्य।

माता सती वेलफेयर समिति के अध्यक्ष सिकंदर गहली ने नंदीशाला गोशाला में लगाई सवामणी

नारनौल। माता सती वेलफेयर समिति की ओर से सोमवार सिंघाना रोड स्थित नंदीशाला में सवामणी लगाई गई। यह सवामणी समिति के अध्यक्ष सिकंदर गहली के जन्मदिन पर लगी। इस दौरान समिति सदस्यों ने गोशाला में गोमाता को पशु चुरी व गुड खिलाया। समिति अध्यक्ष सिकंदर गहली ने बताया कि जन्म दिन के शुभ अवसर पर गोमाता की सवामणी करना एक पवित्र और आनंददायक अनुभव होता है। गो माता हमारी संस्कृति और धर्म में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। उनकी सेवा करना हमारे जीवन को पुण्य और सुख से भर देता है। गो माता की सवामणी करने से हमारे जीवन में कई लाभ होते हैं। गोमाता की सेवा करने से हमारे पापों का नाश होता है। उन्होंने कहा कि गो माता की सवामणी करना एक पवित्र और आनंददायक अनुभव होता है। यह हमारे जीवन में सुख, समृद्धि और पुण्य लाता है। इसलिए जन्म दिन के शुभ अवसर पर गो माता की सवामणी करना एक अच्छा विचार हो सकता है। उन्होंने समिति कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर, पर्यावरण के लिए पौधारोपण व गौमाता की सवामणी का आयोजन करना है। मौके पर संजय यादव, दीपक यादव, नितिश, कृष्ण यादव, कुलदीप यादव, मनीष गुर्जर, प्रवीण, मोनू यादव, गजराज चौधरी व श्रीकांत सहित समिति सदस्य मौजूद रहे।

#### गायों की पूजा करना व सुरक्षा में योगदान देना नागरिक का नैतिक दायित्व: डॉ प्रवीण तोगड़िया

नांगल चौधरी। अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के अध्यक्ष डॉ प्रवीण तोगड़िया ने गोठड़ी में संचालित गौशाला का जायजा लिया। गायों को मिलने वाले पौष्टिक आहार व सुविधाओं पर उन्होंने संचालक बिरेंद्र गोठड़ी को सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म में गौसेवा का सर्वोच्च दर्जा है। प्रत्येक नागरिक को घर में एक गाय पालने के लिए प्रेरित किया गया है जिससे परिवार में सुख-समृद्धि का संचार हो सकेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौसेवा उपचारशाला के संचालक बिरेंद्र गोठड़ी ने की है। उन्होंने कहा कि की भारत का इतिहास गौरवशाली रहा है। क्योंकि यहां देवताओं ने अवतार रूप धारण किया और धर्म की रक्षा सुनिश्चित की थी। लेकिन धीरे-धीरे पश्चिमी देशों की संस्कृति का प्रसार हो गया, जिसकी चकाचौंध में युवा पीढ़ी सामाजिक संस्कारों से विचलित हो गई। गायों की सुविधा तथा संरक्षण के लिए हिंदू परिषद और बजरंग दल हमेशा तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर बिक्रम सरपंच, महेश सरपंच टहला, प्रदीप शर्मा जिला पार्षद, सुमित, सुनील सरपंच निजामपुर, सीताराम नंबरदार, प्रेमा सरपंच, माडूराम डेलीगेट इत्यादि मौजूद रहे हैं।



**सख्ती** ऐसा नहीं होने पर व्यापारी दुकान बंद कर प्रशासन को थमा देंगे चाबी

# पुल बाजार से मेहता चौक तक के मार्ग का निर्माण 15 मार्च के बाद करने की मांग

### जिला व्यापार मंडल की बैठक आयोजित, अध्यक्षता जिला व्यापार मंडल के अध्यक्ष वैद्य किशन वशिष्ठ ने की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिला व्यापार मंडल की एक अति आवश्यक बैठक पुल बाजार स्थित एक गारमेंट शोरूम पर आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला व्यापार मंडल के अध्यक्ष वैद्य किशन वशिष्ठ ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ महामंत्री सुरेंद्र चौधरी, जगमोहन गर्ग, मनीष गोगिया, सोमदेव शर्मा, आकाश चौधरी, अरुण चौधरी व अन्य व्यापारीगण मौजूद रहे। व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष ने कहा कि सर्दी को देखते हुए व्यापारियों ने करोड़ों रुपये का सामान खरीदा हुआ है। यदि अब इस सड़क का निर्माण प्रशासन ने शुरू कराया तो उनका यह सामान बिक नहीं पाएगा और अगले सीजन तक खराब हो जाएगा। इससे व्यापारी पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा। उन्हें विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि पुल से महावीर चौक तक सड़क का निर्माण एक-दो दिन में शुरू होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस सड़क का निर्माण 15 मार्च के बाद होना चाहिए, जब सर्दियां समाप्त हो जाएं तथा शादियों का सीजन भी खत्म हो जाए। उस वक्त तक प्रशासन को इस सड़क का निर्माण नहीं कराना चाहिए।


नारनौल। बैठक करते व्यापार मंडी के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

#### उपायुक्त व नगर आयुक्त से संवाद करेंगे

वरिष्ठ महामंत्री सुरेंद्र चौधरी व अन्य पदाधिकारियों ने व्यापारियों की शिकायत को ध्यान से सुनते हुए उनकी बातों को पूरी तरह वाजिब माना और आश्वासन दिया कि वे इस बारे में उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार व नगर आयुक्त रणवीर सिंह से संवाद करेंगे और व्यापारियों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व में इस बात पर जिला प्रशासन तथा नगर परिषद के आयुक्त पूरी तरह सहमत हो चुके थे और नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी भी व्यापारियों की मांग से सहमति व्यक्त करते हुए यह बयान भी मीडिया में दिया था कि वो व्यापारियों को कोई आर्थिक नुकसान न हो, इसलिए इस सड़क का निर्माण 15 मार्च के बाद ही कराया जाएगा।

#### जिला व्यापार मंडल की चेतावनी

वहीं जिला व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने जिला प्रशासन एवं नगर परिषद को चेतावनी देते हुए कहा कि इस सड़क का निर्माण 15 मार्च के बाद की बजाए अब ही शुरू किया गया तो व्यापारी अपनी दुकानें बंद करके चाबियां जिला प्रशासन को सौंप देंगे और परिवार के सदस्यों के साथ सड़क पर धरना प्रदर्शन देंगे।

## खबर संक्षेप

### सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**भिवानी।** भिवानी भारत का लौह पुरुष कहे जाने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल को वीपी मेनन के साथ मिलकर 1947 में उपनिवेश से स्वतंत्रता की ओर बढ़ते हुए भारत के एकीकृत स्वरूप में 560 से अधिक रियासतों को शामिल करने का श्रेय दिया जाता है। ब्रिटेन के भारत छोडऩे से देश की एकता सुनिश्चित नहीं हुई थी, और पटेल ने यह सुनिश्चित करने के लिए काम किया कि रियासतें जिन पर ब्रिटिशों के साथ समझौतों के तहत स्वतंत्र रूप से राजाओं का शासन था, जिन्हें एक कर भारत देश की अखंता को मजबूत करने का कार्य किया। यह बात स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्रपाल यादव ने उनकी 75वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कही। इस अवसर पर जसबीर फौजी, बिजेन्द्र कोट,सुरजभान बामला, रणवीर सांगवान, सुरेश किराड़, चतर जीताखेड़ी, अमर सिंह यादव, धर्मपाल ग्रेवाल आदि मौजूद रहे।

### एथलेटिक्स में नांगल की स्नेहा प्रथम, पुनीत तृतीय

**भिवानी।** गांव नांगल में युवाओं की शिक्षा व खेलों पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जिसके तहत उन्हे ना केवल शिक्षा, बल्कि खेलों के क्षेत्र में भी आगे बढक़र समाज व राष्ट्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसी प्रेरणा के परिणामस्वरूप प्रदेश स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गांव नांगल दो बच्चों ने दौड़ प्रतियोगिता मे पदक जीतकर ना केवल गांव, बल्कि जिला का नाम प्रदेश भर में रोशन किया है। श्रीश्याम दीवाना मंडल नांगल के अध्यक्ष सत्यवान सिंह हालही में सोनीपत में प्रदेश स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया था, जिसमें गांव पुनीत कुमार पुत्र अमित ने 60 मीटर व 100 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं स्नेहा कुमारी पने 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया।

### कपिल अरोड़ा बने बीजेपी सीए सेल के प्रदेश प्रवक्ता

**लोहारू।** लोहारू निवासी सीए कपिल अरोड़ा को हरियाणा भाजपा के सीए सैल का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर लोहारू के लोगों में खुशी का माहौल है तथा सोमवार को कपिल अरोड़ा समारोहपूर्वक भाजपा नेताओं सहित अनेक लोगों ने उन्हें बधाई दी। बता दें कि सीए कपिल अरोड़ा चार्टर्ड अकाउंटेंट के साथ साथ भाजपा के कुशल कार्यकर्ता रहे हैं। नगर पालिका चेयरमैन प्रदीप तायल, भाजपा नेता विजय शेखावत, कमलेश भोड़का, नरेश ठुकराल, राधेश्याम, ईश्वर शेखावत, रतन अग्रवाल, आरती शर्मा सहित अनेक लोगों ने कपिल अरोड़ा को सम्मानित किया और उन्हें बधाई दी।

### शनाया सांस्कृतिक कार्यक्रम में तृतीय

**बवानीखेड़ा।** के ग्रास रूट्स पब्लिक स्कूल की प्रथम कक्षा की छात्रा शनाया ने हांसी के यदुवंशी विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा श्याना की उपलब्धि से विद्यालय व परिजनों में खुशी पैदा हो गई। छात्रा श्याना के पिता अनिल ने इसका श्रेय गुरूजनों को दिया। वहीं विद्यालय निदेशक वीना भ्याणा ने बताया कि छात्रा द्वारा फारच्यूनर हरियाणवी सांग पर अपनी प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया। छात्रा विद्यालय में पढ़ाई के साथ साथ ऐसे कार्यक्रमों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का कार्य करती है।

### मॉडल संस्कृति स्कूल के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**लोहारू।** स्थानीय खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में समग्र शिक्षा के तहत एनसीईआरटी के तत्वावधान में खंड स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। रोल मॉडल की 6 उप थीम में स्थानीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने अव्वल स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा ने की।

---

## पदक विजेता मुस्कान का शहर में निकाला विजयी जूलूस, किया सम्मानित

# एशियन यूथ पैरा गेम्स में मुस्कान ने शॉट पुट और डिस्कस थ्रो में जीते दो कांस्य पदक

- अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में 45 देशों के युवा पैरा एथलीटों ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

खेल नगरी भिवानी जिसे मिनी क्यूबा के नाम से भी जाना जाता है की माटी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेरी है। विद्या नगर निवासी पैरा एथलीट मुस्कान श्योराण ने दुबई में आयोजित एशियन यूथ पैरा गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो कांस्य पदक भारत की झोली में डाले हैं।

सोमवार को मुस्कान के गृह नगर लौटने पर लोगों ने पलक-पावड़े बिछाकर उनका स्वागत किया और भीम स्टेडियम से लेकर विद्या नगर तक विजयी जुलूस निकाला। इसके उपरांत विद्या नगर में क्षेत्रवासियों द्वारा सम्मान किया गया। बता दे कि दुबई में 7 से 14 दिसंबर तक एशियन यूथ पैरा गेम्स का आयोजन किया गया था।




भिवानी। कोच के साथ खिलाड़ी मुस्कान।

अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में 45 देशों के युवा पैरा एथलीटों ने हिस्सा लिया। मुस्कान श्योराण ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए दो अलग-अलग स्पर्धाओं में मेडल हासिल किए, जिसमें शॉट पुट में कांस्य पदक तथा डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक मुस्कान ने हासिल किया। इस दोहरी सफलता के साथ मुस्कान ने न केवल भिवानी बल्कि पूरे हरियाणा और देश को गौरवान्वित किया है। मुस्कान की यह सफलता रातों-रात नहीं मिली है, बल्कि यह उनकी निरंतर कड़ी मेहनत का परिणाम है। इससे पूर्व इसी वर्ष 2025 में ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में आयोजित नेशनल पैरा गेम्स में भी शॉट पुट और डिस्कस थ्रो, दोनों ही स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की थी।

इसके अलावा वे खेलो इंडिया खेलो इंडिया-2025 में गोल्ड मेडल, नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025 में गोल्ड मेडल तथा नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2024 में भी गोल्ड मेडल हासिल कर चुकी है। इस मौके पर मौजूद खेल डीपीई बलवान ने कहा कि मुस्कान की यह जीत उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और अनुशासन का परिणाम है। शारीरिक चुनौतियों को पीछे छोड़ते हुए उसने खेल के मैदान में जो जज्बा दिखाया है, वह काबिले तारीफ है।

पहले ग्वालियर में नेशनल गोल्ड और अब दुबई में एशियन यूथ गेम्स में दो मेडल जीतना यह साबित करता है कि मुस्कान का भविष्य उज्ज्वल है। वहीं मुस्कान के पिता रमेश श्योराण व माता बाला देवी ने भी अपनी बेटी की उपलब्धि पर गर्व जताया। वहीं मुस्कान के दादा धन्नाराम जेलदार ने कहा कि मुस्कान श्योराण की ये उपलब्धि भिवानी की खेल परंपरा में एक और सुनहरा अध्याय है।

**ये रहे मौजद**

अधिवक्ता संजीव श्योराण, डॉ. रामलाल मुंड, डॉ. विजय सनसनवाल, डॉ. जयपाल, डॉ. नरेंद्र देशवाल, देवेंद्र नकीपुर, राजेश बड़ेसरा, लाजपत जाखड़, कृष्ण लांबा, दीपक लौर, राजेश सांगवान, खेताराम घणघस, अधिवक्ता अजय यादव, अधिवक्ता मोहरसिंह, अनुप बड़ेसरा, रूपेंद्र पटौदी, अजय श्योराण व संजय श्योराण आदि मौजूद रहे।

### वॉलीबॉल में जी-9 बहल बनी चैंपियन मेधावी छात्रों ने लहराया परचम



**भिवानी।** शिक्षा और खेल के माध्यम से ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से गांव सेरला में सेवाभाव सोशल वेलफेयर समिति द्वारा आयोजित वॉलीबॉल और शिक्षा प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। जी-9 बहल की टीम ने वॉलीबॉल ट्रॉफी अपने नाम की, वहीं शिक्षा प्रतियोगिता में अलग-अलग आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता का लोहा मनवाया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मार्केट कमेटी चेयरमैन रवि महमिया, एसएचओ प्रमोद कुमार, आयकर अधिकारी सुमित कुमार, प्रसिद्ध समाजसेवी राहुल मिताथल और प्रदीप मंडोली ने शिरकत की। अतिथियों ने विजेता खिलाडिय़ों और मेधावी विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। नरेश सोनी ने बताया कि बॉलीबॉल प्रतियोगिता में पहला सेमीफाईनल मुकाबला सेरला व हैरिटेज गोकलपुरा के बीच हुआ, जिसमें सेरला की टीम विजेता रही। वही दूसरा सेमीफाईनल मुकाबला जी-9 बहल व हैरिटेज गोकलपुरा के बीच हुआ, जिसमें जी-9 बहल की टीम विजेता रही। इसके उपरांत फाईनल मैच सेरला व जी-9 बहल की टीम के बीच हुआ, जिसमें जी-9 बहल की टीम विजेता रही। वही शिक्ष प्रतियोगिता के ग्रुप-1 में हर्ष प्रथम, प्राची द्वितीय, यशिका तृतीय रही।

---

# भैणी ठाकरान में मातृशक्ति सहित 42 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

सरपंच सुनील गोयत ने रिबन काटकर किया शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एक कदम मानवता की ओर, रक्तदान करें जीवन बचाएं जैसे प्रेरक सामाजिक संदेश के साथ जिला के गांव भैणी (ठाकरान) में एक रक्तदान शिविर का शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा की प्रेरणा से आयोजन किया गया। गांव स्थित नेहरा चौपाल में राकेश नेहरा और प्रदीप नेहरा द्वारा आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों, विशेषकर युवाओं और महिलाओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया।

इस रक्तदान शिविर में न केवल पुरुषों ने, बल्कि मातृशक्ति ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में बबली देवी और अन्नु सहित कई महिलाओं ने रक्तदान कर समाज के सामने एक मिसाल पेश की। कुल 42 महिलाओं एवं पुरुषों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया, जो कई अनमोल जिंदगियों को बचाने के काम आएगा। शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे गांव भैणी जाटान के सरपंच सुनील गोयत और भैणी ठाकरान प्रतिनिधि अनुप कुमार ने किया। उन्होंने रिबन काटकर शिविर की शुरुआत की और रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। इस दौरान सरपंच सुनील गोयत ने कहा कि रक्तदान केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसी को नया जीवन देने का माध्यम है। विज्ञान ने कितनी भी तरक्की कर ली हो, लेकिन रक्त का कोई विकल्प नहीं है। यह इंसान के शरीर में ही बनता है, इसलिए एक इंसान ही दूसरे इंसान की जान बचा सकता है।



भिवानी। रक्तदान करता रक्तदाता। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजद**

इस अवसर पर सोनू नेहरा, लीला नेहरा, सुरेंद्र नेहरा, सचिन नेहरा, जतिन नेहरा, अजीत नेहरा आदि मौजूद रहे।

सरपंच प्रतिनिधि अनुप कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं रक्तदान करें, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी इस पुनीत कार्य के लिए जागरूक करें। शिविर के आयोजक राकेश नेहरा और प्रदीप नेहरा ने सभी रक्तदाताओं और अतिथियों का आभार जताया। रक्त संग्रहण के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज की टीम विशेष रूप से पहुंची थी। ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. रिचा नैन की अगुवाई में टीम पहुंची थी।

# समारोह के लिए विधायक सर्राफ को बनाया अध्यक्ष, दिया निमंत्रण

समारोह को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सैनी कल्याण परिषद द्वारा 21 दिसंबर को स्थानीय हनुमान ढ़ाणी में आयोजित होने वाले महाराजा शूरसैनी जयंती समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। इस भव्य आयोजन और प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता के विजेताओं के सम्मान समारोह के लिए परिषद ने पूर्व मंत्री एवं विधायक घनश्याम सर्राफ से मुलाकात की और उन्हें कार्यक्रम का समारोह अध्यक्ष नियुक्त करते हुए समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया। सैनी कल्याण परिषद के पदाधिकारियों ने विधायक घनश्याम सर्राफ के निवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मानपूर्वक निमंत्रण पत्र सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को कार्यक्रम की रूपरेखा और समाज के मेधावी छात्रों के लिए आयोजित की गई प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विधायक सर्राफ ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर सैनी कल्याण परिषद के प्रधान भूप सिंह सैनी ने आयोजन के पीछे की सोच को साझा किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि 21 दिसंबर को होने वाला यह कार्यक्रम महज एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह एक बड़ा मिशन है। यह केवल एक समारोह नहीं, बल्कि महाराजा शूरसैनी के विचारों व आदर्शों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।



भिवानी ।विधायक घनश्यामदास सर्राफ को निमंत्रण सौंपते सैनी कल्याण परिषद के सदस्य।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर वरिष्ठ उप प्रधान आजाद सैनी, हनुमान ढ़ाणी प्रधान नरेश सैनी, राधेश्याम सैनी, ठेकेदार फूल सिंह सैनी, रमेश सैनी ढ़ाणा रोड, राजकुमार सैनी कोषाध्यक्ष, सुरेश इंजीनियर, महेंद्र सिंह व ओमप्रकाश सैनी आदि मौजूद रहे।

---

# एड्स के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल भिवानी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विद्यालय की प्राचार्या सविता घणघस के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थ्य परामर्श सत्र आयोजित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को स्वास्थ्य-जागरूकता, विशेषकर एड्स के बारे में विस्तृत जानकारी देना था। सत्र में काउंसलर बबीता व आभा ने बच्चों की जिज्ञासाओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा उनके प्रश्नों के उत्तर सरल भाषा में दिए।

इस अवसर पर विद्यालय के पीजीटी वाणिज्य विभाग के अजेंद्र कुमार, आशुतोष कुमार और अशोक कुमार, एनएसएस अधिकारी डॉ. आनंद कुमार, राकेश रोहिल्ला और अनिल अरोड़ा ने विशेष योगदान दिया। समारोह में छात्रों को स्वास्थ्य-संबंधी विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने का अवसर मिला, जिससे उनकी जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इस दौरान बच्चों को बदलते मौसम में अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने तथा हर प्रकार के नशे से दूर रहने का संदेश दिया। स्कूल प्रशासन ने इस प्रकार के आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने का आश्वासन दिया।



भिवानी। विद्यार्थियों को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

# ब्रह्मा बाबा का जन्मदिन मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने परचिंतन पतन की जड़ है तो स्वचिंतन उन्नति की सीढ़ी है का पाठ पढ़ा वैश्विक आध्यात्मिक उत्थान किया। आध्यात्मिकता के बल से व्यर्थ व नकारात्मक बातों से छुड़ा दिव्य गुणों को जीवन में धारण कर समाज को दिव्य व श्रेष्ठ बनाने का संदेश दिया यह उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के संस्थापक की 149 वीं जयंती विश्व आध्यात्मिक उत्थान दिवस/ पर आयोजित कार्यक्रम में सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। इस अवसर पर ब्रह्माकुमार भाई बहनों ने वसुधा बहन के साथ केक काटकर जन्म दिन मनाया व पौधा भी लगाया।

उन्होंने कहा कि पवित्रता व शांति की शक्ति से भारत को पुनः विश्व गुरु बना सकते हैं पिता श्री ब्रह्मा बाबा प्रकृति प्रेमी थे। ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने कहा कि 15 दिसंबर 1876 में सिंध हैदराबाद जन्म लेकर 60 वर्ष की आयु में ब्रह्माकुमारीज संस्थान की स्थापना कर लाखों लोगों का जीवन व्यसनों से मुक्त कर दिव्य गुणों सजाया। ब्रह्मा बाबा के पद चिन्हों पर चलकर अपने जीवन को व्यसन मुक्त बना दिव्य गुणों से सुशोभित कर रहे हैं। ब्रह्माकुमारी बहन ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने माताओं बहनों को आगे रखकर ब्रह्माकुमारी संस्था का कारोबार आगे बढ़ाया। ब्रह्मा बाबा बचपन से ही बहुत धर्म परायण तथा भक्ति भाव में लीन रहते थे 60 वर्ष की आयु में उनके तन में परमात्मा शिव की प्रवेशता हुई और नई दुनिया की स्थापना का रहस्य समझाया।



भिवानी। केक काटकर प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का जन्मदिन मनाते बीके भाई बहन।

**पुष्प अर्पित किए**

आज इस विश्व आध्यात्मिक उत्थान दिवस पर यह दृढ़ संकल्प लें की अपने जीवन में आध्यात्मिक, नैतिक एवं मानवीय मूल्यों को धारण कर समाज में शांति, एकता, सद्भावना के लिए कार्य करेंगे। यही उनके लिए सच्ची सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर सैकड़ों ब्रह्माकुमार भाई बहनों ने प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पवित्रता व शांति की शक्ति से भारत को पुनः सोने की चिड़िया बनाने का दृढ़ संकल्प लिया।

---

**विरोध** मांग नहीं मानी तो डिवीजन व सर्कल लेवल पर किए जाएंगे प्रदर्शन

# एएचएसईबी वर्कर्स यूनियन ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में किया प्रदर्शन

- बैठक की अध्यक्षता प्रधान पवन खेड़ी ने तथा मंच संचालन सचिव राजेंद्र दहिया ने किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़

पूरे प्रदेश में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में एचएसईबी वर्कर यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ केन्द्रीय वार्ता समिति के आहवान पर 12 से 16 दिसंबर तक चल रहे आंदोलन के चलते सब यूनिट बवानीखेड़ा में सोमवार विरोध प्रदर्शन किया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान पवन खेड़ी ने तथा मंच संचालन सचिव राजेंद्र दहिया ने किया।

कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सब यूनिट प्रधान पवन खेड़ी ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निगम मैनेजमेंट व सरकार ने जो ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू की है वह कर्मचारी हित में नहीं है, इसमें बहुत सी खामियां हैं। निगम मैनेजमेंट इसे तुरंत प्रभाव से रद करें, क्योंकि पूरे प्रदेश में बिजली कर्मचारियों की भारी कमी है, जिससे दुर्घटनाए घटने की घटनाएं बढ़ जाएंगी, जिससे आम जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इससे पहले भी जो ट्रांसफर पॉलिसी लागू की गई थी, उसमें अधिकारियों द्वारा अपने चहेतों की सीटें ब्लॉक करने का कार्य किया गया था। मांग नहीं मानी गई तो आने वाले समय में चाहे डिवीजन लेवल पर, सर्कल लेवल पर प्रदर्शन किए जाएंगे।



भिवानी। ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**सौंपा ज्ञापन**

इस अवसर पर वरिष्ठ प्रधान मुकेश सैनी, जेई अजय शर्मा, अजय राणा, बजरंग,नरेश, राजेश, कुलदीप, बाबूलाल, प्रवीण, फोरमैन विनोद, भीम, मेवा सिंह, सुमित, सतीश, रविकांत समेत अनेक कर्मचारियों ने मिलकर एसडीओ राजेन्द्र कुमार को ज्ञापन सौंपा।

# यूकेजी की फ्रॉग रेस में युग प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

कस्बे के बीके वमा विद्यालय में चल रहे दो दिवसीय खेल महोत्सव के समापन पर बतौर मुख्यतिथि नपा चेयरमैन सुंदर अत्री, विशिष्ट अतिथि हिमानी जांगड़ा व पूर्व छात्र डॉ. पार्थ दलाल ने शिरकत की। विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा सरिता शर्मा, सचिव योगेश शर्मा, सदस्य सुभाष शर्मा, विजेन्द्र जांगड़ा, सुरेश जांगड़ा, निर्मला जांगड़ा, श्वेता शर्मा एवं विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा के द्वारा मुख्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत सत्कार किया। खेलों का आरंभ कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के बच्चों ने मार्च पास्ट से किया। इस दौरान कई प्रतियोगिताए आयोजित की कई जिसमें उन्होनें बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी अभिभावकगण बच्चों के साथ खेलों में भाग लेकर अत्यंत हर्ष और उत्साह से ओत-प्रोत नजर आए।




बवानीखेड़ा । के बीके वमा विद्यालय में चल रहे दो दिवसीय खेल महोत्सव के समापन पर खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि।

**ग्राम पंचायत छिथरोली, खंड कनीना**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे गाँव छिथरोली में दो जोहड़ों की नीलामी (मछली पालन) हेतु दिनांक 19.12.2025 को प्रातः 11 बजे गाँव में जोहड़ों के पास जाकर लगाई जाएगी। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जोहड़ों की कीमत 10000/- नीमड़ी वाले जोहड़ तथा 10000/- फार्म वाला जोहड़ निर्धारित की गई है। बाकी शर्तें मौके पर सुना दी जाएगी।

हस्ता/- रितु शर्मा
ग्राम सचिव, छिथरौली
फोन 8168591651

सरपंच मुकेश देवी ग्राम पंचायत छिथरोली
फोन 9466057795

